हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार 14 फरवरी 2026


तापमान

अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री


11 एबीवीपी ने राजकीय कॉलेज से विवि तक निकाली...





11 खेल प्रतियोगिताएं विधार्थियों की प्रतिभा को....




## खबर संक्षेप

### मकान से पचास कारतूस नकदी चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** इम्पलॉयज कालोनी में चोरों ने मकान को ताला तोड़ कर पचास कारतूस तथा आठ हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इम्पलॉयज कालोनी निवासी अंकुश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह चंडीगढ़ में प्रैक्टिस करता है और परिवार समेत वही रहता है।

### घर से सामान चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** डेहा बस्ती चीका से घर में घुसकर गैस सिलेंडर व पंखा चोरी करने के मामले में चीका थाना पुलिस ने दो आरोपी काबू किए हैं। मामले में चीका थाना एसएचओ पीएसआई अमन की टीम ने चीका निवासी आरोपी विकास उर्फ रोहित व अजय को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की डेहा बस्ती चीका निवासी महिला कपला ने शिकायत दी थी।

### 5.22 ग्राम स्मैक के साथ महिला गिरफ्तार

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने भिवानी रोड ओवरब्रिज के निकट एक महिला को काबू कर उसके कब्जे से 5.22 ग्राम स्मैक बरामद की है। शहर थाना पुलिस आरोपित महिला से पूछताछ कर रही है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि भिवानी रोड ओवरब्रिज के निकट एक महिला नशीले पदार्थ बेचने के लिए ग्राहकों का इतंजार कर रही है।

### दुकान से नकदी चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** कलायत थाना पुलिस ने दुकान से नकदी चोरी का आरोपी गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि वार्ड नंबर 7 कलायत निवासी संत कुमार ने शिकायत दी थी कि उसने अपने घर के अंदर किरयाने की दुकान कर रखी है। 10 फरवरी को दोपहर पानी पीने के लिए अंदर गया था। इसी दौरान अजित उसकी दुकान में आया और गल्ले से करीब 6 हजार रुपए चोरी कर मौके से फरार हो गया।

### अवैध असलहा के साथ एक चढ़ा पुलिस हत्थे

**जींद।** सीआईए स्टाफ सफीदों ने गांव साहनपुर की तरफ जाने वाले रजबाहा पटरी पर एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल बरामद किया है। सदर थाना सफीदों पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ सफीदों को सूचना मिली थी कि एक युवक अवैध असलहा के साथ गांव साहनपुर रजबाहा पटरी पर खड़ा हुआ है।

### हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** डुलयानी में विवाहिता की हत्या मामले में पूंडरी थाना पुलिस ने अब आरोपी ननद को गिरफ्तार किया है। इससे पहले पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार किया था। मामले में पूंडरी थाना पुलिस के पीएसआई सुनील कुमार की टीम ने डुलयानी निवासी आरोपी गुरमीत कौर को गिरफ्तार कर लिया।

### पत्नी से मारपीट करने पर पति नामजद

**जींद।** गांव पौली में पत्नी के साथ मारपीट करने पर जुलाना थाना पुलिस ने पति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव पौली निवासी कोमल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी उसके पति धर्मबीर के साथ कहासुनी हो गई। जिस पर उसके पति ने उसकी बेरहमी से पिटाई की। आसपास के लोगों ने उसे उसके पति से छुड़वाया।

### मकान से सामान चोरी के दो आरोपी दबोचे

**कैथल।** थाना चीका क्षेत्र में घर में घुसकर गैस सिलेंडर व पंखा चोरी करने के मामले की जांच थाना चीका एसएचओ पीएसआई अमन की अगुवाई में एचसी सुशील कुमार व एएसआई दलबीर सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी चीका निवासी विकास उर्फ रोहित तथा अजय को गिरफ्तार कर लिया।

## मंत्री विज की अध्यक्षता में आरकेएसडी कॉलेज के सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक

# जमीन विवाद में पुलिस कर्मचारी को सस्पेंड, दूसरे मामले में जेई के खिलाफ एफआईआर के आदेश

### बोले-आमजन की शिकायतों पर तत्परता से कार्रवाई करें अधिकारी

**मंत्री विज ने 15 शिकायतों की सुनवाई की**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

आरकेएसडी कॉलेज के सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में हरियाणा के परिवहन, ऊर्जा एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने 15 शिकायतों की सुनवाई की। जिसमें नौ पुरानी व 6 नई शिकायतें शामिल रही। बैठक में मंत्री अनिल विज सख्त नजर आए। उन्होंने जमीन संबंधी एक मामले की सुनवाई में आरोपी पुलिस कर्मचारी को सस्पेंड करने के आदेश जारी किए। साथ ही ट्रांसफार्मर स्थानांतरित करने के मामले में रिश्वत मांगने की शिकायत में जेई के खिलाफ एफआईआर करने के आदेश भी जारी किए। उन्होंने राजौंद नगर पालिका में पिछले साढ़े तीन साल में हुए कार्यों में वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत की जांच विजिलेंस से भी करवाने के आदेश जारी किए। उन्होंने गांव पाई में आवास योजना के तहत कटी कालोनी में अवैध बोरवेल कनेक्शन करने के मामले में एडीसी की अध्यक्षता में कमेटी गठित करके जांच रिपोर्ट आगामी बैठक में देने के आदेश जारी किए। मंत्री ने बैठक में स्पष्ट किया कि यदि किसी की शिकायत झूठी पाई जाती है तो उसके खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने एक अपात्र व्यक्ति द्वारा विवाह शगुन योजना का लाभ लेने पर उससे रिकवरी के भी आदेश जारी किए। गांव तितरम निवासी मनदीप व अन्य शिकायत दी थी कि पुलिस ने जमीन खरीदने संबंधी मामले में उनकी शिकायत पर दर्ज केस को उनकी अनुमति के बिना करनाल स्थानांतरित करके उसे रद्द करवाने व उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की। मंत्री ने मामले की सुनवाई करते हुए दूसरे पक्ष में शामिल एक पुलिस कर्मचारी संदीप कुमार को जांच पूरी होने तक सस्पेंड करने के आदेश जारी किए। साथ ही नियमानुसार कार्रवाई करते हुए शिकायतकर्ता की सुनवाई करने के आदेश दिए। किठाना निवासी कृष्ण कुमार ने सांघन में उसके रिश्तेदारों के ट्रांसफार्मर को शिफ्ट न किए जाने व इसकी एवज में जेई रिश्वत मांगने की शिकायत दी थी। जिस पर सुनवाई करते हुए मंत्री अनिल विज ने बिजली निगम के अधिकारियों को आदेश दिए कि शिकायतकर्ता का ट्रांसफार्मर शिफ्ट किया जाए और रिश्वत मांगने की शिकायत पर जेई के खिलाफ केस दर्ज किया जाए।



**कैथल।** लोगों की समस्या सुनते मंत्री अनिल विज। *फोटो :हरिभूमि*

#### कार्रवाई के आदेश जारी

करोड़ा निवासी श्रीनिवास ने आंख के ऑपरेशन के बाद आंख खराब होने की शिकायत पर मंत्री अनिल विज ने सीएमओ को आदेश दिए कि इस मामले की जांच लापरवाही बोर्ड से करवाई जाए। देवबन निवासी सतेंद्र की रजिस्ट्री न किए जाने संबंधी शिकायत न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण निपटा दी। किच्छाना निवासी श्याम लाल की डेरा बाबा राजपुरी के निकट अवैध खुर्दों संबंधित शिकायत पर आवश्यक कार्रवाई होने पर शिकायत को निपटा दिया गया। नई शिकायतों में गांव रोहेड़ा निवासी सुरेश कुमार की हादसे में हुई पुत्री की मौत के मामले में वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की रिपोर्ट मंत्री के समक्ष पेश की, जिस पर इस मामले का निपटान कर दिया गया। अमरगढ़ गामड़ी निवासी चमेली देवी की पड़ोसी पुलिस कर्मचारी द्वारा मकान खरीदने के लिए दबाव डालने व जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पर मंत्री अनिल विज ने नियमानुसार कार्रवाई के आदेश जारी किए।

#### ये रहे मौजूद

कैथल निवासी देवी लाल की एक स्कूल में नियमानुसार इस्तीफा दिए जाने के बावजूद डीएमसी, लंबित वेतन व अनुभव प्रमाण पत्र देने की मांग पर शिक्षा विभाग द्वारा आवश्यक कार्रवाई किए जाने उपरांत मंत्री ने मामले का निपटान कर दिया। इसी प्रकार से कैथल निवासी खरैती लाल की डेरा सच्चा सौदा के सामने ओवरफ्लो सीवरेज संबंधी शिकायत का विभाग द्वारा समाधान किए जाने पर इस मामले का भी निपटान कर दिया गया। इसके बाद मंत्री ने भारी संख्या में आए आमजन की शिकायत सुनीं और जिला प्रशासन को उनके समाधान के निर्देश जारी किए। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष ज्योति सैनी, विधायक सतपाल जांबा, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर, जिला परिषद अध्यक्ष कर्मबीर कौल, पूर्व चेयरमैन कैलाश भगत, पूर्व जिला अध्यक्ष मनीष कठवाड़, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र धीमान, प्रशासन में डीसी अपराजिता, एसपी उपासना सहित जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्यों में रघुबीर फौजी, गोपाल सैनी, शक्ति सौदा, धीरेंद्र क्योडक, शैली मुंजाल, अरुण वर्मा, आयुष गर्ग, कपिल दीक्षित, महेंद्र चीमा, संजय सैनी के अलावा जिला प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

#### महिला योजना के तहत पात्र नहीं

ढांड निवासी संतोष द्वारा अपनी दो बेटियों के विवाह के बाद विवाह शगुन योजना के तहत एक बेटी को लाभ मिलने तथा दूसरी बेटी को लाभ न मिलने की शिकायत दी। पिछली बैठक में एडीसी की अध्यक्षता में गठित जांच कमेटी की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि संबंधी महिला योजना के तहत पात्र नहीं है।

#### आरोपी को तुरंत प्रभाव से गिरफ्तार करने के आदेश

मंत्री ने कैथल निवासी संध्या की परिवार पहचान पत्र में किसी अन्य महिला का नाम जोड़े जाने संबंधी मामले में समझौते का दबाव बनाने संबंधी शिकायत पर संबंधित के खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश जारी किए। गांव मालखेड़ी निवासी राहुल की विदेश भेजने के नाम पर दी गई लाखों रुपये की राशि वापस न देने की शिकायत पर मंत्री अनिल विज ने जांच अधिकारी को बदलने के आदेश जारी किए। साथ ही उन्होंने उस आरोपी को तुरंत प्रभाव से गिरफ्तार करने के आदेश दिए, जिसकी न्यायालय से जमानत अर्जी खारिज हो चुकी है। साथ ही आरोपी आढ़ती को पुलिस थाने में बुलाकर जांच में शामिल करने के आदेश दिए। पुलिस शिकायतकर्ता को न्याय दिलवाने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करे।

#### विजिलेंस से जांच करवाने के निर्देश

राजौंद निवासी राकेश राणा ने शिकायत में आरोप लगाया था कि नगर पालिका राजौंद में पिछले साढ़े तीन सालों में हुए कार्यों में वित्तीय गड़बड़ी हुई है। करोड़ों रुपये के गबन की इस शिकायत पर सुनवाई करते मंत्री अनिल विज ने मामले की जांच हरियाणा विजिलेंस से करवाने के आदेश जारी किए। उन्होंने शिकायतकर्ता को धरना समाप्त करने के साथ-साथ उनके साथ आए एक व्यक्ति को भी जांच में शामिल करने के आदेश जारी किए। मंत्री ने यह भी कहा कि यदि शिकायत झूठी पाई गई तो शिकायतकर्ता के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

#### मामले में हर सप्ताह प्रगति रिपोर्ट दें

अपने भाई की हत्या के मामले में कार्रवाई की मांग कर रही ऋषि नगर निवासी नीतू मौण की शिकायत पर मंत्री अनिल विज ने सुनवाई की। उन्होंने गृह सचिव से फोन पर बात की और कैथल पुलिस द्वारा सीबीआई से मामले की जांच संबंधी अनुरोध पर जल्द कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही एसपी कैथल को आदेश दिए कि वे इस मामले में हर सप्ताह प्रगति रिपोर्ट लेंगी। जब तक सीबीआई मामले की जांच शुरू नहीं करती, तब तक पुलिस लगातार कार्रवाई करे। साथ ही न्यायालय से अनुमति लेकर नार्को टेस्ट संबंधी कार्रवाई भी पूरी की जाए।

# ऑटो-ई-रिक्शा पर हथियारों के पोस्टर व हाई वॉल्यूम स्पीकर लगाने पर काटे 150 चालान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

ऑटो-ई-रिक्शा पर हथियारों के पोस्टर व हाई वॉल्यूम स्पीकर लगाने पर ट्रैफिक पुलिस का एक्शन जारी है। पुलिस ने पिछले 15 दिन में ऑटो रिक्शा पर हथियार रखने और ऊंची आवाज वाले स्पीकर लगाने वाले 150 चालकों के चालान काटे। ट्रैफिक पुलिस ने 4 दिन पहले ही ऑटो व ई-रिक्शा चालकों के लिए वर्दी पहनना अनिवार्य किया गया था, लेकिन कुछ चालक अब तक इसका पालन नहीं कर रहे थे। अब ट्रैफिक पुलिस शनिवार से वर्दी न पहनने पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी और नियमों का पालन कराना अनिवार्य होगा। पुलिस ने ऑटो व ई-रिक्शा चालकों को 13 फरवरी तक वर्दी पहनने का समय दिया था। अब वर्दी न पहनने पर कार्रवाई की जाएगी। यही नहीं, वर्दी के साथ ऑटो यूनियन का बैज लगाना भी जरूरी होगा। इसके साथ ही यदि कोई ऑटो चालक अपने ऑटो में डीजे या अन्य किसी भी प्रकार को लाउड स्पीकर लगा गाने चलाएगा तो उसे इंपाउड भी किया जाएगा। ऑटो व ई-रिक्शा चालकों की पहचान को लेकर जिला पुलिस चालकों के लिए 5 हजार आइडी स्टीकर भी जारी कर चुकी है। इन स्टीकरों पर चालक का नाम, टोकन नंबर और मोबाइल नंबर लगा रखा है। इन सभी का पुलिस के पास रिकार्ड भी है। जबकि जिले में 6 हजार से अधिक ऑटो व ई-रिक्शा चल रही है। पुलिस के पास ऑटो व ई-रिक्शा चालकों का रिकॉर्ड भी है।

#### अवहेलना पर होगी कड़ी कार्रवाई

ऑटो-ई-रिक्शा पर हथियारों के पोस्टर व हाई वॉल्यूम स्पीकर लगाने वाले चालकों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के तहत अब तक 150 चालकों के चालान भी किए गए हैं। पुलिस ने आटो व ई-रिक्शा चालकों को वर्दी पहनने का नियम भी अनिवार्य किया है। इस नियमों का पालन के लिए 13 फरवरी तक समय दिया गया था। अब शनिवार से नियमों की अवहेलना करने पर और भी कड़ा एक्शन लिया जाएगा।

*- सतपाल, ट्रैफिक एसएचओ, कैथल।*

# एसपी ने नशेड़ी एएसआई को किया निलंबित

### पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना प्रभारी ने एएसआई का मेडिकल करवाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

सदर थाना नरवाना में शराब के नशे में धुत मिलने पर एएसआई अजीत सिंह को एसपी कुलदीप सिंह ने निलंबित कर दिया है। शुक्रवार को गांव फुलियां कलां का एक बुजुर्ग सदर थाना में दर्ज एक मामले में शामिल होने के लिए पहुंचा था। जहां उनको जांच अधिकारी एएसआई अजीत सिंह शराब के नशा में धुत मिला। बुजुर्ग के परिजन ने जांच अधिकारी के शराब के नशा में मिलने पर एसपी को फोन किया। एसपी ने एएसआई का वीडियो बनाने और उसका फोन से फोटो लेने के लिए कहा। लेकिन एसएचओ व अन्य पुलिस कर्मी एसपी के आदेश को दरकिनार करते हुए उन्हें वीडियो बनाने से मना करने लगे। उसके बाद एसपी व एसएचओ रामकुमार की इस मामले को लेकर बातचीत हुई, तो बुजुर्ग व उनके परिजनों के शक के आधार पर जांच अधिकारी एएसआई अजीत सिंह का मेडिकल करवाने को कहा। एएसआई अजीत सिंह को नागरिक अस्पताल ले जाकर मेडिकल करवाया गया। उन्होंने उनके मारपीट के मामले को सीआइए-1 जींद को सौंपने की गुजारिश की

#### जांच प्रारंभ

एसपी कुलदीप सिंह ने कहा कि उनके संज्ञान में मामला आया था। थाने में शराब के नशे में मिलने पर एएसआइ अजीत सिंह को निलंबित करके विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

#### तख्त पर कंबल ओढ़कर लेटा था एएसआई

सूबे सिंह ने बताया कि उनका सदर थाना में मारपीट से संबंधित मामला दर्ज है, तो उनको जांच के सिलसिले में सप्ताह या 10 दिन में आना पड़ता है। जब वे इस मामले में शुक्रवार को जांच अधिकारी एएसआइ अजीत सिंह से प्रथम मंजिल पर स्थित कक्ष में मिले, तो वे तख्त पर कंबल ओढ़कर लेटे हुए थे। जब उन्होंने एएसआइ को कहा कि क्या आपको बुखार चढ़ा हुआ है, तो उसने अभद्र व्यवहार करते हुए कहा कि तेरा उतारू बुखार। उसने उसको लड़को को कहा कि यह तो शराब पीये हुए है। इसके बाद उनको धक्के मारे व गाली-गलौज की। उन्होंने एसपी कुलदीप सिंह को एएसआइ अजीत सिंह के शराब के नशा में धुत होने की बात बताई, तो एसपी ने उनको वीडियो बनाने को कहा ! इसके बाद उन्होंने एसपी को फोन कर वीडियो नहीं बना देने की बात कही, तो एसपी ने कहा कि जांच अधिकारी एएसआइ अजीत सिंह का मेडिकल हो जाएगा। सूबे सिंह ने कहा कि पुलिस अधिकारी ही उसको बचाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन एसपी ने जांच अधिकारी का मेडिकल करवाने के आदेश दिए, तो उसका मेडिकल करवाया गया।

# 11.65 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कलायत

कलायत नगर पालिका सरकार की दिव्य नगर योजना के तहत 11 करोड़ 65 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात मिलने की उम्मीद जग उठी है। इसमें 1 करोड़ 10 लाख 83 हजार रुपए के बजट से कैथल-नरवाना रोड पर भगवान कपिल मुनि व श्री कृष्णा द्वार, एक करोड़ 33 लाख 47 हजार रुपए से प्राचीन कपिन मुनि सरोवर तट पर स्थित भगवान विश्वकर्मा वाटिका में ई-लाईब्रेरी, 7 करोड़ 66 लाख 45 हजार रुपए के खर्च से कैथल-नरवाना मार्ग एवं भगवान कपिल मुनि धाम मार्ग सौंदर्यकरण व 1 करोड़ 55 लाख रुपए से महाराजा अग्रसेन पार्क सौंदर्यकरण शामिल है। इन महत्वपूर्ण विकास कार्यों के लिए नगर पालिका सचिव द्वारा शहरी स्थानीय निकाय निदेशक को प्रशासनिक स्वीकृति और धनराशि आवंटन के संबंध में आधिकारिक पत्र लिखा गया है। इसके तहत अधिकारियों के निर्देश पर पालिका अभियंता राजेश प्रजापति व कनिष्ठ अभियंता अब्दुल वाहब खान द्वारा औपचरिकताओं को पूरा किया जा रहा है। नगर पालिका वित्तीय अनुमोदन समिति सदस्य प्रदीप राणा व अमित वाल्मीकि ने बताया कि अधिकारी-कर्मचारी निरंतर निदेशालय से संपर्क साधे हैं। वे प्रशासनिक, तकनीकी एवं फंड की स्वीकृति की कार्यवाही में लगे हैं। शहर के लोगों का कहना है कि इन विकास कार्यों के पूरा होने से कलायत को हर स्तर पर नई पहचान मिलेगी। इससे पर्यटन व रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। सुख-सुविधाओं एवं सौंदर्यकरण में यह शहर को नया लुक मिलेगा। कलायत शहर के लोगों द्वारा विभिन्न विकास कार्यों की मांग लगातार सीएम नायब सिंह सैनी से उठाई जा रही थी। प्रदेश मुख्यमंत्री द्वारा विकास कार्यों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया।



**कैथल।** कलायत का प्राचीन श्री कपिल मुनि धाम। *फोटो :हरिभूमि*

### तस्कर से 10 ग्राम हेरोइन बरामद की

**कैथल।** पुलिस द्वारा एसपी उपासना के आदेश की अनुपालना करते हुए युवा वर्ग को नशे की चपेट से बचाने के लिए इस प्रकार के धंधे में लिप्त अपराधियों पर निरंतर रूप से लगाम कसी जा रही है। जिसके अंतर्गत चौकी महमुदपुर पुलिस द्वारा नशे का धंधा करने वाले आरोपी को काबु कर लिया गया। जिसके कब्जे से 10 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चौकी महमुदपुर इंचार्ज एसआई राजबीर सिंह की टीम दोपहर के समय गश्त दौरान हांसी बुटाना नहर पुल डेरा गोविंद नगर पर मौजूद थी।

## नरवाना में स्टेट इंटर कॉलेज हॉकी चैंपियनशिप के समापन समारोह में मुख्यतिथि रहे सेशन जज

# खेलों से अनुशासन-प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित : लोहान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नरवाना

उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के तत्वावधान में तथा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बरवाला के आयोजन में नवदीप स्टेडियम, नरवाना में आयोजित हरियाणा स्टेट इंटर कॉलेज हॉकी चैंपियनशिप 2025-26 का भव्य समापन हुआ। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के महाविद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में सेशन जज जगदीप लोहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि डॉ. अंजना लोहान, प्रचार्या एसडी कालेज विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुईं। संबोधन में सेशन जज लोहान ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से युवा प्रदेश और देश का नाम रोशन करते हैं महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में ऑल इंडिया जाट हीरोज मेमोरियल कॉलेज, रोहतक ने शानदार प्रदर्शन करते स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, राय को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, राय (सोनीपत) की टीम उपविजेता रही।पुरुष वर्ग के फाइनल में जाट कॉलेज, रोहतक ने केएम राजकीय महाविद्यालय को 3-2 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। तृतीय स्थान स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, सोनीपत को प्राप्त हुआ। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 25 हजार, द्वितीय स्थान प्राप्त टीम को 15 हजार रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त टीम को 10 हजार रुपये की सम्मान राशि, प्रमाण पत्र और ट्रॉफी प्रदान की गई।





#### ये रहे मौजूद

समिति के अनुसार, उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित प्रतियोगिताओं में पहली बार हॉकी को शामिल किया गया, जिससे विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना, प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना रहा। बरवाला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र सिवाच ने आयोजन समिति, कोच, निर्णायक मंडल, सहयोगी स्टाफ और सभी प्रतिभागी टीमों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। समापन खिलाड़ियों में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला तथा सभी टीमों ने भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लिया। प्रो सुरेश सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



**जींद।** पुलिस गिरफ्त में आरोपित। *फोटो :हरिभूमि*

#### कार सवार चरस स्पलायर दो गिरफ्तार

**जींद।** एवीटी पुलिस स्टाफ ने जुलाना देशखेड़ा मार्ग पर कार सवार दो लोगों को काबू कर उनके कब्जे से 403 ग्राम चरस बरामद की है। आरोपित चरस की स्पलाई करने जा रहे थे। जुलाना थाना पुलिस ने चरस के साथ पकड़े गए आरोपितों के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। एवीटी पुलिस स्टाफ जुलाना इलाके में अपराध रोकने के लिए गश्त कर रहे थे। उसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि कार सवार लोग गांव देशखेड़ा की तरफ नशीले पदार्थ स्पलाई करने आ रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिसकर्मियों ने देशखेड़ा रोड पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ समय के बाद पुलिसकर्मियों ने सामने से आ रही कार को रूकवा कर उसमें सवार युवकों की तलाशी ली तो एक युवक की जेब से 403 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में युवक की पहचान गांव मुंढाल निवासी रविंद्र के रूप मे हुई। जबकि उसके साथी की पहचान जुलाना निवासी सोनू के रूप में हुई। जुलाना थाना पुलिस ने चरस के साथ पकड़े गए दोनों आरोपितों के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।



# अल्फा के सेट पर आलिया और बॉबी के बीच खटपट

**मुंबई।** यश राज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स की अपकमिंग फिल्म 'अल्फा' की शूटिंग जारी है। पहले ये 2025 में क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने वाली थी लेकिन फिर इसे पोस्टपोन कर दिया गया था। फिलहाल इसके सेट पर आलिया भट्ट और बॉबी देओल के बीच खटपट हो गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इनके बीच एक सीन को लेकर बहस हुई है। जिसके बाद आदित्य चोपड़ा को सुलह कराने के लिए आना पड़ा। एक रिपोर्ट के अनुसार आलिया भट्ट और बॉबी देओल के बीच सेट पर टेंशन पैदा हो गई है। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस एक सीन में कुछ क्रिएटिव एडवाइस दे रही थीं।

**लाइफ Style**



# तृप्ति

## ओ रोमियो पर सेंसर बोर्ड ने चलाई कैंची

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी, अविनाश तिवारी स्टारर और विशाल भारद्वाज की डायरेक्टेड 'ओ रोमियो' शुक्रवार, 13 फरवरी को रिलीज हो गई है। इसने बड़े पर्दे पर आने से पहले ही एडवांस बुकिंग के जरिए 3 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है।

इसको सेंसर बोर्ड के पास भी भेजा गया था, जहां पर इसे 'ए' सर्टिफिकेट दिया गया था। साथ ही इस पर कई कट्स भी लगाए गए। कुछ शब्दों को दूसरे शब्दों से बदला भी गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'ओ रोमियो' के डायलॉग्स में बदलाव करने के लिए कहा गया था। जिसमें 'आइटम' को 'कुमारी' से रिप्लेस किया गया है और एक सीन में एक शब्द को म्यूट कर दिया गया। इसके अलावा, कुछ 'अभद्र' शब्दों को भी डिलीट कर दिया गया है। साथ ही इंटीमेट और रोमांटक सीन्स में कोई कट नहीं लगाए गए हैं। हालांकि, कुछ हिंसक सीन्स पर कैंची चली है। रिपोर्ट के मुताबिक, गला काटने वाले क्लोजअप शॉट को 3 सेकेंड छोटा किया गया है। और बाकी के दो शॉट्स में भी 2 सेकेंड कम किया गया है, जिसमें से एक में 'खून से लथपथ सिर पटकने' और दूसरे में एक महिला के मुंह पर खून के छींटे पड़ने का सीन दिखाया गया था। इतना ही नहीं, महिला को थप्पड़ मारने वाले सीन को भी 2 सेकेंड तक घटाया गया है। मूवी में तंबाकू और धूम्रपान विरोधी सीन्स पर टिकर भी जोड़े गए हैं। और सबके डिस्क्लेमर की लंबाई, उसके वॉइसओवर के साथ बढ़ाई गई है। जिससे फिल्म 1 मिनट 57 सेकेंड लंबी हो गई है।

## हॉलीवुड मसाला




### एफ 1 के सीक्वल पर कर रहे हैं काम

**लॉस एंजिल्स।** भारत में हॉलीवुड फिल्मों का भी अच्छा-खासा बाजार है। पिछले साल हॉलीवुड के नामी एक्टर टॉम क्रूज की फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल 8' और ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ 1' रिलीज हुई। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ 1' ने पिछले साल अच्छा-खासा कलेक्शन किया था। अब दुनिया भर के दर्शकों के अलावा भारतीय दर्शकों को इस फिल्म के सीक्वल का इंतजार है। हाल ही में इस बारे में एक नया अपडेट सामने आया है। हाल ही में फिल्म एफ 1 के प्रोड्यूसर जैरी ब्रुकहाइमर ने कहा, 'हम एक सीक्वल पर काम कर रहे हैं।



### स्पाई-थ्रिलर सीरीज सिटाडेल का दूसरा सीजन बन रहा

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा इन दिनों एसएस राजामौली की आगामी फिल्म 'वाराणसी' को लेकर चर्चाओं में हैं। हालांकि, फिल्म की रिलीज में अभी एक साल से भी ज्यादा का समय है। इस बीच अब प्रियंका ने अपने हॉलीवुड शो 'सिटाडेल' के दूसरे सीजन को लेकर बड़ी अपडेट साझा की है। साथ ही उन्होंने शो के भविष्य को लेकर भी बात की है। प्रियंका चोपड़ा ने ये कंफर्म किया कि उनकी स्पाई-थ्रिलर सीरीज 'सिटाडेल' का दूसरा सीजन बन रहा है। एक्ट्रेस ने कहा कि सीजन 2 तो पक्का आएगा, लेकिन बाकी का क्या? मुझे कोई अंदाजा नहीं है। सच कहूं तो मैं पूछती भी नहीं। मैं काम पर जाती हूं, अपना काम करती हूं और चली जाती हूं। इस दौरान प्रियंका ने बताया कि कैसे रूसो ब्रदर्स ने उनसे इस सीरीज के लिए संपर्क किया था।



## रागिनी 3 में लीड रोल में आएंगी नजर

**मुंबई।** बालाजी मोशन पिक्चर्स ने हाल ही में फिल्म 'रागिनी 3' का ऐलान किया है। इस हॉरर फिल्म में तमन्ना भाटिया लीड रोल में नजर आएंगी। 'रागिनी 3' में उनके साथ एक नामी बॉलीवुड स्टार का बेटा नजर आएगा। फिल्म 'रागिनी 3' को शशांक घोष डायरेक्टेड करेंगे। फिल्म की स्टार कास्ट को लेकर मेकर्स ने जानकारी साझा की है। रागिनी 3 में जुनैद खान तमन्ना भाटिया के साथ नजर आएंगे। आमिर खान के बेटे जुनैद ने इससे पहले लवयापा जैसी रोमांटिक फिल्म की थी। अब वह हॉरर फिल्म का हिस्सा बन रहे हैं। इसमें तमन्ना और वह दमदार किरदारों में नजर आएंगे। रागिनी सीरीज की फिल्मों में रोमांस, धोखा और हॉरर का डोज दर्शकों को दिया जाता है, ऐसा ही कुछ तीसरी कड़ी में भी देखने को मिलेगा।




## शतक के ट्रेलर ने दर्शकों का दहलाया दिल

**नई दिल्ली।** फिल्म 'शतकः संघ के 100 वर्ष'का दमदार ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें अजय देवगन की असरदार आवाज ने आरएसएस की एक शताब्दी लंबी जर्नी को जीवंत किया है। आशीष मल्ल के निर्देशन में बनी फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में आएगी। फिल्म सिर्फ एक ऐतिहासिक दस्तावेज नहीं, बल्कि स्वयंसेवकों के त्याग, अनुशासन और राष्ट्र-निर्माण में उनके कंट्रीब्यूशन की गाथा है। गुरुजी एमएस गोलवलकर के आइडिया और ऑफिशियल डॉक्युमेंट पर आधारित यह कहानी संघ से जुड़ी गलतफहमियों को दूर करने और उन अनछुए पहलुओं को सामने लाने की कोशिश करती है, जिन्हें अक्सर मैनस्ट्रीम में कम जगह मिली है। ट्रेलर लोगों के रोंगटे खड़े कर रहा है।

## टीवी मसाला

### वैलेंटाइन डे : टीवी स्टार्स ने बताया प्यार का असली मतलब

**नई दिल्ली।** इस वैलेंटाइन डे पर, टीवी के कलाकार सुम्बुल तौकीर खान, नितिन बाबू, अक्षया हिंदालकर, ऋषि सक्सेना और दीक्षा जोशी अपने विचार साझा कर रहे हैं, हमें याद दिलाते हुए कि प्यार अक्सर उन सरल अनुभवों और पलों में मिलता है जो वास्तव में मायने रखते हैं।

#### अपनी जर्नी को महत्व देने से होती है प्यार की शुरुआत : सुम्बुल तौकीर




सुम्बुल तौकीर खान ने बताया, 'मेरे लिए वैलेंटाइन डे बड़े-बड़े इशारों या सिर्फ रोमांटिक प्यार के बारे में नहीं है, बल्कि यह भावनात्मक ईमानदारी और सचमुच समझे जाने की भावना के बारे में है। प्यार उन लोगों में मिलता है जो आपके सबसे कठिन समय में आपके साथ खड़े रहते हैं, जो आपकी छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाते हैं और जो आपको बिल्कुल वैसे ही स्वीकार करते हैं जैसे आप हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'मैंने सीखा है कि प्यार की शुरुआत खुद के प्रति दयालु होने और अपनी जर्नी को महत्व देने से होती है। जब आप ऐसा करते हैं, तो हर रिश्ता चाहे परिवार, दोस्त या साथी के साथ हो और भी सार्थक बन जाता है। इस वैलेंटाइन डे पर, मैं अपने चारों ओर मौजूद हर रूप के प्यार के लिए आभार चुन रही हूं।'

#### नितिन ने शेयर की अपनी फीलिंग्स



नितिन बाबू ने शेयर किया, 'प्यार हमेशा नाटकीय या परफेक्ट तस्वीर जैसा नहीं होना चाहिए। कभी-कभी यह उतना ही सरल होता है जितना किसी के लिए मौजूद रहना, बिना किसी डिसिजन के सुनना और उतार-चढ़ाव में एक-दूसरे का साथ देना।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं मानता हूं कि वैलेंटाइन डे उन लोगों के प्रति आभार व्यक्त करने की एक खूबसूरत याद दिलाता है जो आपके जीवन को बेहतर बनाते हैं, चाहे वह सबसे छोटे तरीकों से ही क्यों न हो। चाहे परिवार हो, दोस्त हों या कोई खास व्यक्ति, प्यार निरंतरता, विश्वास और सच्ची देखभाल के बारे में है।

#### प्यार हर दिन व्यक्त किया जाना चाहिए : ऋषि



इत्ती सी खुशी में संजय का रोल निभा रहे ऋषि सक्सेना ने साझा किया 'मेरे लिए प्यार सबसे शक्तिशाली भावनाओं में से एक है। यह आपको धैर्य, सहानुभूति और संतुलन सिखाता है। वैलेंटाइन डे हमें उस भावना का जश्न मनाने का एक कारण देता है, लेकिन मैं मानता हूं कि प्यार हर दिन व्यक्त किया जाना चाहिए, सिर्फ एक अवसर पर नहीं।' उन्होंने आगे कहा, 'सच्चा प्यार साथ में बढ़ने, एक-दूसरे के सपनों का समर्थन करने और साझा खामोशियों में सुकून पाने के बारे में है। यह खुद से इतना प्यार करने के बारे में भी है कि आप अपनी कीमत जान सकें. यही वह चीज है जिस पर मैं सचमुच विश्वास करता हूं और जिसे जीने की कोशिश करता हूं।'

## वैलेंटाइन वीकएंड पर दर्शकों को मिलेगा मनोरंजन का जबर डोज



**नई दिल्ली।** शुक्रवार 13 फरवरी को सिनेमाघरों में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'ओ रोमियो' रिलीज हो गई है। वीकएंड भी और वीकएंड पर ही वैलेंटाइन भी है। ऐसे में पार्टनर के साथ थिएटर का रुख करने का शानदार मौका हो सकता है। मगर, आपको घर बैठे ओटीटी पर ही बढ़िया सिनेमा देखना है तो, इस वीकएंड डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी काफी कुछ खास है।

**अमर विश्वास :** एक्टर राजीव खंडेलवाल अपनी नई सीरीज को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी कोर्टरूम ड्रामा सीरीज 'अमर विश्वास' ओटीटी पर 11 फरवरी को रिलीज हुई। इसमें वे वकील की भूमिका में हैं। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेयर पर उपलब्ध है। इसमें आमिर अली, बरखा बिष्ट और रवि बहल जैसे सितारे भी हैं।

**कोहरा सीजन 2:** वेब सीरीज 'कोहरा' को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब इसका दूसरा सीजन भी रिलीज हो चुका है, जिसे आप इस वीकएंड देख सकते हैं। बरुण सोबती और मोना सिंह अभिनीत यह सीरीज 11 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। मोना सिंह इस सीरीज में एक सख्त पंजाबी पुलिस अधिकारी के रूप में नजर आई हैं।

**माना शंकरा वर प्रसाद गारू**

अगर आपकी साउथ फिल्मों में दिलचस्पी है तो इस वीकएंड चिरंजीवी की यह फिल्म देख सकते हैं।

### थलाइवर थंबी थलाइमायिल

इस वीक ओटीटी पर साउथ फिल्मों का बोलबाला है। तमिल फिल्म 'थलाइवर थंबी थलाइमायिल' इस वीक की लिस्ट में शामिल है। नितीश सहदेव द्वारा निर्देशित यह पॉलिटिकल सटायर फिल्म 11 जनवरी को सिनेमाघरो में रिलीज हुई थी। फिल्म में जीवा, थम्बी रमैया और इलावरसु जैसे सितारे हैं। गुरुवार 12 फरवरी को यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। इस वीकएंड आप इसे अपनी वॉच लिस्ट में रख सकते हैं।

## ये हैं परदे पर राज करने वाले सदाबहार रोमांटिक हीरो

**नई दिल्ली।** फिल्मों में हीरो की भूमिका दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ती है। कुछ सितारे अपने एक्शन के लिए लोकप्रिय हुए, कुछ ने कॉमेडी के जरिए दिलों में जगह बनाई। वहीं, इंडस्ट्री में कुछ दिग्गजों का नाम इसलिए भी लिया जाता रहेगा, क्योंकि उन्होंने परदे पर अपने किरदार के जरिए मोहब्बत का पैगाम दिया और बन गए रोमांटिक हीरो। उनकी यह इमेज सिर्फ एक या दो फिल्मों तक नहीं रही, बल्कि वे सदाबहार रहे। दौर कोई भी आया, जब-जब सिनेमा में रोमांस और रोमांटिक हीरो की बात हुई, इनका जिक्र सहज ही कि या गया।



**देव आनंद:** देव आनंद का नाम आते ही रोमांस, दिलकश अंदाज और आकर्षक छवि सामने आ जाती है। बड़े पर्दे पर वह कई फिल्मों में रोमांटिक किरदार निभा चुके हैं। करियर के पीक पर देव आनंद की महिला प्रशंसक काफी ज्यादा हुआ करती थीं।

**ऋषि कपूर:** भारतीय सिनेमा के रोमांटिक अभिनेताओं में ऋषि कपूर का नाम भी शामिल है। अपनी पहले ही फिल्म 'बॉबी' से उन्होंने धमाल मचा दिया था। 'चांदनी' और 'बोल राधा बोल' जैसी फिल्मों में उन्होंने अपनी नटखट और आकर्षक भूमिका से रोमांस की दुनिया में अपना एक विशेष स्थान बनाया। उनकी मुस्कान और मासूमियत दर्शकों को दिलों में आज भी बसी हुई है।

**दिलीप कुमार:** दिलीप कुमार हिंदी सिनेमा के बड़े सुपरस्टार थे। पर्दे पर वह भी रोमांटिक अंदाज दिखा चुके हैं। 'मुगल-ए-आजम' और 'नया दौर' जैसी फिल्मों में उनकी अदाकारी ने उन्हें रोमांटिक हीरो की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया। उनके अभिनय को आज भी याद किया जाता है।

**राज कपूर:** राज कपूर अपनी रोमांटिक किरदारों की वजह से खूब मशहूर हुए। उनकी फिल्में 'आवारा' और 'श्री 420' में रोमांस और सामाजिक संदेशों का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिला। वह अपने समय के सबसे बड़े रोमांटिक नायक थे, जिनकी फिल्मों में प्यार के अलावा जीवन के गहरे मायने भी नजर आते थे।

**राजेश खन्ना:** राजेश खन्ना के बिना ये सूची अधूरी है। अपने रोमांटिक अंदाज से उन्होंने लोगों के दिलों में खास जगह बनाई। बड़ी संख्या महिलाएं उन्हें पसंद करती थीं। 'अराधना' और 'सच्चा झूठा' समेत दर्जनों फिल्मों में वह अपने रोमांस का जादू बड़े पर्दे पर चलाते नजर आए।

**शाहरुख खान:** शाहरुख खान को रोमांटिक फिल्मों का 'किंग' कहा जाता है। 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' और 'कुछ कुछ होता है' जैसी फिल्मों में उनकी रोमांटिक भूमिकाएं देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी लोकप्रिय बना दिया। उनके अभिनय में जो सहजता और प्यार की भावना दिखती है, वह उन्हें आज भी दर्शकों का पसंदीदा बनाती है।

### दर पर आया दीवाना , लैला-मजनू का रूहानी इश्क, हीर-रांझा की पाक मोहब्बत

# वो अमर प्रेम कहानियां जो दर्शकों की आंखों को कर गईं नम

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा ने जब फलना-फूलना शुरू किया तो बड़े पर्दे पर मोहब्बत की कहानियों को सबसे ज्यादा बयां किया। मजनू ने कैसे लैला के इश्क में जान दी? हीर और रांझा का प्यार क्यों मुकम्मल नहीं हुआ? इस दर्द को हिंदी सिनेमा ने वक्त-वक्त पर बखूबी दिखाया। वैलेंटाइन-डे के मौके पर जानिए, ऐसी ही कुछ चर्चित फिल्मों के बारे में जिनमें अमर प्रेम कहानियां दर्शकों की आंखों को नम कर गईं।

**सोहनी ने चेनाब किनारे पुकारा महिवाल का नाम:** साल 1933 और 1946 में दो हिंदी फिल्में बनीं लेकिन साल 1958 में रिलीज हुई 'सोहनी महिवाल' सबसे चर्चित रही। इसमें भारत भूषण और निम्मी ने मुख्य भूमिका कीं। वहीं साल 1984 में सनी देओल और पूनम ढिल्लों अभिनीत फिल्म 'सोहनी महिवाल'को भी खूब प्यार मिला। सनी देओल स्टारर फिल्म के कई गानों में सोहनी और महिवाल के रूहानी इश्क की दांस्तां को बयां किया गया। फिल्म का एक गाना 'लोगों ने सर पे लगाए हैं हजारों इल्जाम आजा, सोहनी चेनाब दे किनारे से पुकारे तेरा नाम आजा।' यह गाना सोहनी और महिवाल की मजबूरी और इश्क में कुछ भी कर गुजरने की चाहत को बखूबी जता देता है।

### मजनू की मोहब्बत में सजा पाने को हाजिर हुआ लैला का इश्क

हुस्न हाजिर है मोहब्बत में सजा पाने को'जब यह गाना ऋषि कपूर और रंजीता कौर अभिनीत फिल्म 'लैला मजनू(1976)' में सुनाई देता है, तब इस गाने को सुनकर दर्शकों के जेहन में 11वीं सदी की अरब देश की अधूरी प्रेम कहानी की यादें ताजा हो जाती हैं। इसी नाम से साल 1953 में नूतन और शम्मी कपूर ने भी एक फिल्म की। वहीं, साल 2018 में इम्तियाज अली की लिखी कहानी पर बनी 'लैला मजनू' भी एक कल्ट मूवी बन चुकी है। इन सभी फिल्मों में लैला से मिलने की चाहत लिए भटकता मजनू आखिरी में मौत के आगोश में सो जाता है।




### जूलियट की मोहब्बत में कुर्बान हुआ रोमियो

मशहूर ब्रिटिश राइटर शेक्सपियर ने कई बड़े नॉवेल लिखे। लेकिन 'रोमियो और जूलियट'उनका सबसे फेमस नॉवेल है। इस पर कई फिल्में हॉलीवुड में बनी हैं। वहीं, बॉलीवुड की कई फिल्में इस नॉवेल से इंस्पायर रहीं। इसमें साल 2013 की राम लीला भी है, रणवीर और दीपिका की इस फिल्म का दर्दनाक अंत होता है। राम लीला मौत के बाद ही मिल पाते हैं ,क्योंकि समाज और परिवार की दीवारें उन्हें इस जहान में मिलने नहीं देती हैं।

### रांझा रांझा करते-करते हीर दीवानी हुई

साल 1970 में चेतन आनंद निर्देशित फिल्म 'हीर रांझा'में राज कुमार और प्रिया राजवंश पर यह प्रेम कहानी फिल्माई गई। फिल्म में हीर से दूर होकर रांझा का दिल दर्द से भर उठता है। इस दर्द को एक गाने 'ये दुनिया ये महफिल मेरे काम की नहीं' में बखूबी बयां किया जाता है। इसी तरह हीर भी अपना दुख बयां करती है, जिस पर फिल्म में गीत है, 'दो दिल टूटे दो दिल हारे दुनिया वालों सदके तुम्हारे।' यह फिल्म, गीत आज भी दर्शकों की जुबान पर हैं और हीर-रांझा का प्यार भी प्रेमियों के मन में जिंदा है।

### साहिबान की मोहब्बत में टूटा मिर्जा का दिल

हीर और रांझा, सोनी महिवाल की तरह ही साहिबान और मिर्जा की कहानी भी पंजाब में 16वी शताब्दी में पनपी थी। साहिबान को मिर्जा से बेइंतहा मोहब्बत थी वह कभी उससे बेवफाई नहीं कर सकती थी, लेकिन वक्त आने पर वफा भी नहीं कर पाई। उसने मिर्जा के तीर तोड़ दिए, जिससे वह उसके भाइयों को ना मारे। लेकिन, साहिबान के भाइयों ने मिर्जा को मौत के घाट उतार दिया। यह देखकर साहिबान ने भी मौत को चुन लिया और अपने मिर्जा के साथ ही दुनिया से रूखसत हो गई। इसी कहानी को साल 2016 में फिल्म 'मिर्जियां'में नए जमाने के हिसाब से दिखाया गया, फिल्म को ओमप्रकाश मेहरा ने निर्देशित किया था। इसी तरह एक पंजाबी फिल्म 2012 में भी इसी प्रेम कहानी पर बनी, जिसमें ग्रिप्पी ग्रेवाल मिर्जा के रोल में दिखे।

## खबर संक्षेप

### दुकान से नकदी चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** थाना कलायत पुलिस ने दुकान से नकदी चोरी करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि वार्ड नंबर 7 कलायत निवासी संत कुमार की शिकायत अनुसार उसने अपने घर के अंदर किरयाने की दुकान कर रखी है। 10 फरवरी को दोपहर करीब 1 बजकर 39 मिनट पर वह पानी पीने के लिए अंदर गया था।

### जन शिकायतों का जल्द समाधान करें अधिकारी

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविरों तथा अन्य पोर्टलों के माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों व समस्याओं की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि अधिकारी समाधान शिविरों की शिकायतों को सकारात्मक दृष्टि के साथ निपटाएं तथा संबंधित नागरिक से संवाद कर उन्हें विभाग की कार्यवाही से अवगत कराकर संतुष्ट करें।

### पत्नी से मारपीट करने पर पति नामजद

**जींद।** गांव पौली में पत्नी के साथ मारपीट करने पर जुलाना थाना पुलिस ने पति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव पौली निवासी कोमल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी उसके पति धर्मबीर के साथ कहासुनी हो गई। जिस पर उसके पति ने उसकी बेरहमी से पिटाई की। आसपास के लोगों ने उसे उसके पति से छुड़वाया।

### अलग-अलग स्थानों से महिला व युवती लापता

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से एक युवती तथा महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। गांव बिघाना निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया की गत 11 जनवरी को उसकी बेटी घर से गायब हो गई। वहीं गुरूद्वारा कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी।

### बस पास मान्य नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

**जींद।** किसान छात्र एकता संगठन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष छात्र नेता सुमित लाठर ने कहा कि प्राइवेट बस संचालकों द्वारा छात्रों के बस पास को नहीं मानना और उनके साथ दुव्र्यवहार करना बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि छात्रों के बस पास मान्य नहीं किए गए तो संगठन सड़कों पर उतरने को मजबूर होगा और पुतला फूंकने से लेकर रोड जाम तक आंदोलन किया जाएगा।

### साइबर धोखाधड़ी होने पर तुरंत करें शिकायत

**जींद।** एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर धोखाधड़ी के मामले सामने आ रहे हैं। बैंकिंग धोखाधड़ी, यूपीआई फिशिंग, फेक लिंक और अन्य ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए आमजन को सतर्क रहने की जरूरत है। किसी भी अनजान कॉल, संदिग्ध लिंक या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ सांझा न करें। किसी भी तरह की ऑनलाइन धोखाधड़ी या साइबर क्राइम की घटना होने पर 1930 हेल्पलाइन पर सूचना दें।

### खाटू श्याम भक्तों की नि:शुल्क बस रवाना

**कैथल।** विधायक आदित्य सुरजेवाला की लोकप्रिय पहल के तहत हर माह चलने वाली बाबा खाटू श्याम और सालासर धाम की निःशुल्क तीर्थयात्रा बस सेवा का सिलसिला बरकरार है। इस सेवा की नौवीं बस पुराना बस स्टैंड, से भक्तों के साथ रवाना हुई।

### सूर्य नमस्कार अभियान का समापन

**कैथल।** आयुष विभाग व हरियाणा योग आयोग के तत्वावधान में हरियाणा प्रदेश में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर सूर्य नमस्कार अभियान का शुभारंभ किया। जिसमें प्रदेश के प्रत्येक स्कूल, कॉलेज व योग केंद्र में अभ्यास करवाया। श्रृंखला में ओ.एस.डी.ए.वी. स्कूल में 2 से 11 तक नौवीं तक 2800 छात्रों ने योग प्रशिक्षक के दिशा-निर्देश में सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया।

## नागरिकों ने भाग लेकर राष्ट्र प्रेम -एकता का दिया संदेश

# एबीवीपी ने राजकीय कॉलेज से विवि तक निकाली तिरंगा यात्रा

### *विद्यार्थी शिक्षा के साथ सामाजिक सरोकारों में भी भागीदारी निभाएं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। सीआरएसयू में वीसी के साथ मौजूद एबीवीपी पदाधिकारी। *फोटो :हरिभूमि*

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) जींद इकाई द्वारा राष्ट्र भक्ति और शहीदों के सम्मान में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद के नेतृत्व में राजकीय महाविद्यालय जींद से प्रारंभ होकर चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय तक निकाली गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में छात्र व छात्राओं, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर राष्ट्रप्रेम और एकता का संदेश दिया। एबीवीपी प्रदेश मंत्री लव प्रताप राणा ने बताया कि तिरंगा यात्रा की शुरुआत प्रातः 11 बजे राष्ट्रगान के साथ हुई। विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय, वंदे मातरम और श्शहीदों का सम्मान देश का अभिमान जैसे नारों के साथ पूरे शहर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। यात्रा के दौरान अनुशासन और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। परिषद कार्यकर्ताओं ने सुनिश्चित किया कि यातायात बाधित न हो और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। इस अवसर पर परिषद के जींद विश्वविद्यालय के अध्यक्ष सतविंद्र ढिल्लों ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नही बल्कि भारत की अस्मिता, संस्कृति और बलिदान की परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं का कर्तव्य है कि वे देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

तिरंगा यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्र भक्ति की भावना को प्रबल करना और उन्हें देश के प्रति अपने दायित्वों का स्मरण कराना है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी ने बताया कि यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर स्थानीय नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर विद्यार्थियों का स्वागत किया। अनेक सामाजिक संगठनों ने भी इस पहल की सराहना की और इसे युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा भरने वाला प्रयास बताया। छात्राओं की बड़ी भागीदारी ने यह संदेश दिया कि राष्ट्र निर्माण में बेटियां भी बराबरी से अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। परिषद जिला संयोजक प्रतीक शर्मा अपने संबोधन में कहा कि आज आवश्यकता है कि हम केवल उत्सव तक सीमित नहीं रहें बल्कि अपने दैनिक जीवन में भी राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों में भी भागीदारी निभाएं और समाज में जागरूकता फैलाएं।

#### शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित

तिरंगा यात्रा राजकीय महाविद्यालय जींद से होते हुए मुख्य बाजार, प्रमुख चौक व चौराहों से गुजरी और अंत में जींद यूनिवर्सिटी परिसर में पहुंच कर एक सभा के रूप में परिवर्तित हो गई। वहां सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और समृद्धि के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन जींद विश्वविद्यालय में शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित करके हुआ। हरियाणा प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अमित सैनी ने कहा कि यह यात्रा किसी राजनीतिक उद्धेश्य से नही बल्कि राष्ट्रीय चेतना जागृत करने के लिए निकाली गई है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद सदैव राष्ट्रहित और छात्रहित के मुद्दों पर सक्रिय रही है और आगे भी समाज के सकारात्मक परिवर्तन के लिए कार्य करती रहेगी।

### रंग-बिरंगी पतंगों ने जीता सबका दिल

**राजौंद।** गांव जाखौली स्थित आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पतंग उड़ान प्रतियोगिता आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पूरे जोश और उमंग के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। आसमान में उड़ती रंग-बिरंगी पतंगों ने सभी का मन मोह लिया और विद्यालय परिसर उत्सव के माहौल में रंग गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश शर्मा ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास, धैर्य, एकाग्रता और खेल भावना का विकास करती हैं। साथ ही यह आयोजन विद्यार्थियों की रचनात्मकता और समन्वय क्षमता को भी निखारने का अवसर प्रदान करता है। प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर एवं सीनियर वर्ग में किया।

### इनेलो का पंचकूला में 20 का कूच स्थगितः माजरा

**कैथल।** इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने 20 फरवरी के इनेलो के पंचकूला कूच को देखते हुए बुजुर्गों की रोकी हुई पेंशन खातों में डाल दी है। इनेलो पार्टी के पंचकूला आंदोलन को दबाव में सरकार झुक गई और पेंशन जारी कर दी है। अब 20 फरवरी को प्रदेश में सभी जिला कार्यालयों में जीत का जश्न बनाया जाएगा, इनेलो के कार्यकर्ताओं के साथ बुजुर्ग भी शामिल होंगे। माजरा सेक्टर-20 के अपने निवास पर पत्रकारों से से बातचीत कर रहे थे। कहा बीजेपी सरकार ने परिवार पहचान पत्र में जिन बुजूर्ग के खाते में तीन लाख से ज्यादा का लेनदेन हुआ, उसके नाम पर शहर में 200 गज का प्लाट, गांव में 400 गज का प्लाट चढ़ा हुआ था, घर में एयरकंडीशन या कोई वाहन है, ऐसी शर्तें लगाकर तीन से चार माह में करीब 76 हजार बुजुर्गों की पेंशन रोक दी थी।



राजौंद। स्वास्थ्य जांच शिविर के दौरान मौजूद स्टाफ सदस्य व अन्य।

#### स्वच्छता और पोषण के प्रति किया जागरूक

**राजौंद।** माननीय मुख्यमंत्री के आदेशानुसार गांव खेड़ी सिंबल वाली में स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रत्येक शुक्रवार को नियमित स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को उनके गांव में ही बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें छोटी-छोटी बीमारियों के लिए शहरों की ओर रुख न करना पड़े। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शिविर में सामान्य रोगों की जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर की जांच, गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच, बच्चों के टीकाकरण की समीक्षा तथा आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। साथ ही लोगों को मौसमी बीमारियों से बचाव, स्वच्छता और पोषण के प्रति जागरूक भी किया गया। अधिकारियों ने बताया कि यदि किसी मरीज को गंभीर बीमारी के लक्षण पाए जाते हैं तो उसे आगे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या जिला अस्पताल में रेफर किया जाएगा। इस अवसर पर गांव के सरपंच रामेश्वर, अजय कुमार आंगनवाड़ी वर्कर तथा अन्य पंचायत सदस्य मौजूद रहे। ग्रामीणों ने सरकार और स्वास्थ्य विभाग के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे जनहित में सराहनीय कदम बताया।



महाराजा सूरजमल के जन्मोत्सव पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते जाट संस्था के पदाधिकारी।

#### महाराजा सूरजमल को किया नमन

**कैथल।** जाट शिक्षण संस्थान कैथल में महाराजा सूरजमल के 319 में जन्मोत्सव पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें स्मरण किया गया।इस अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जाट हाई स्कूल सोसाइटी के प्रधान राजकुमार बैनीवाल ने मुख्य अतिथि के तौर पर समस्त प्रबंधक समिति के साथ शिरकत की। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने समस्त प्रबंधक समिति के साथ वीर योद्धा महाराजा सूरजमल की प्रतिमा के समक्ष अपने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महाराजा सूरजमल एक महान शासक, कुशल रणनीतिकार व वीर योद्धा थे। उन्होंने अपने जीवन काल में लगभग 80 युद्ध लड़े व सभी में विजय प्राप्त की। वह एक कुशल प्रशासक भी थे उन्होंने किसानों, व्यापारियों के लिए सुव्यवस्थित शासन व्यवस्था लागू की। बैनिवाल ने अंत में कहा कि- हमें उनके आदर्शो व कार्य शैली को अपना कर निरंतर उनके सपनों को साकार करने की दिशा में काम करना चाहिए। जाट हाई स्कूल सोसाइटी के उप प्रधान बलजिंदर बनवाला, महासचिव एडवोकेट रश्मि ढुल, कोषाध्यक्ष बलकार नैन व कार्यकारिणी के सदस्य डॉ. सत्यवान माजरा, दलबीर कैरो, महावीर राविश आदि मौजूद रहे।

# बच्चों ने प्रेरणादायक प्रस्तुतियां देकर सभी को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



डीएन मॉडल स्कूल में तीसरी एवं चौथी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए आकर्षक क्लास शो का आयोजन किया गया। जिसमें नव प्रगति स्कूल डाहौला की प्राचार्या लाजवंती ढिल्लो ने मुख्य रूप में शिरकत की। अध्यक्षता प्राध्यापिका मीनाक्षी गुप्ता ने की। जिसके माध्यम से विद्या की देवी से आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने नृत्य, कविता पाठ, रैंप वॉक, नाटक और भाषण से शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि प्रस्तुतियां सामाजिक विषयों पर आधारित थी। जैसे पृथ्वी बचाओ, जल बचाओ, पेड़ लगाओ, प्लास्टिक को ना कहें, बांटना और देखभाल करना तथा सड़क सुरक्षा नियम। बच्चों ने इन विषयों पर प्रेरणादायक प्रस्तुतियां देकर सभी को जागरूक किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक वीरेंद्र ढिल्लो उपस्थित रहे और उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की। अंत में कार्यक्रम का समापन तालियों की गूंज और हर्षोल्लास के साथ हुआ।

### गन्ने के साथ मिश्रित खेती अपनाकर बढ़ाएं आमदनीः कृष्ण कुमार

**कैथल।** सहकारी चीनी मिल कैथल के प्रबंध निदेशक कृष्ण कुमार ने किसानों को आधुनिक और लाभकारी खेती के प्रति जागरूक करते हुए गन्ने के साथ मिश्रित खेती करने का आह्वान किया है। गांव बुढ़ाखेड़ा में किसानों से बातचीत के दौरान उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि गन्ने की फसल के बीच सब्जियां व अन्य फसलें उगाकर न केवल अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है, बल्कि जमीन की सेहत को भी सुधारा जा सकता है।

प्रबंध निदेशक ने किसानों को फसल चक्र अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हमारे बुजुर्गों ने हमें उपजाऊ जमीन विरासत में सौंपी है, यह हमारा उत्तरदायित्व है कि हम भी आने वाली पीढ़ी को उपजाऊ जमीन ही सौंपें। उन्होंने बताया कि मिश्रित खेती से किसानों की आय बढ़ सकती है।




गुहला-चीका। छात्राएं नशामुक्त समाज के निर्माण की शपथ लेती हुईं।

#### विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

**गुहला-चीका।** समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा पॉलिटेक्निक आईटीआई और राजकीय आईटीआई में डी-एडिक्शन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सिविल अस्पताल कैथल की टीम के सहयोग से किया गया। यह कार्यक्रम 'नशामुक्त कुरुक्षेत्र' अभियान के तहत आयोजित हुआ, जो सांसद नवीन जिंदल के नेतृत्व में चल रहे कुरुक्षेत्र सशक्तिकरण अभियान का हिस्सा है। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना और उन्हें स्वस्थ व सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। राजकीय आईटीआई के प्राचार्य निशांत डांगी ने कहा कि नशा समाज के लिए गंभीर अभिशाप है। उन्होंने विद्यार्थियों से खेल, अनुशासन और सकारात्मक सोच को अपनाने का आह्वान करते हुए जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने की बात कही। कार्यक्रम में सिविल अस्पताल कैथल से काउंसलर मिस निधि और पंकज ने नशे के मानसिक व शारीरिक दुष्प्रभाव, शुरुआती लक्षण और समय रहते उपचार लेने की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन के बारे में भी जागरूक किया गया।

## राजकीय महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

# खेल प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम : नवीन कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



मुख्यअतिथि को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत करते खेल संयोजक नवीन कुमार।

श्री कपिल मुनि राजकीय महिला कालेज कलायत में आज दो दिवसीय चतुर्थ वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड के इवेंट में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी कलायत सुरेश नैन रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सुनील गर्ग व समस्त कॉलेज काउंसिल ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलन से की गई। इसके पश्चात छात्राओं ने मार्चपास्ट निकाला। मुख्यातिथि ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक होते हैं बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व की क्षमता का भी विकास करते हैं। खेल जीवन में संघर्ष करना, टीम भावना के साथ काम करना और हार जीत को समान भाव से स्वीकार करना सिखाते हैं । महाविद्यालय के खेल संयोजक नवीन कुमार ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएँ विधार्थियों की प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम है। नियमित खेल अभ्यास से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, टीम भावना और लक्ष्य के प्रति समर्पण विकसित होता है, जो व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।मंच संचालन का दायित्व रीतू देवी ने निभाया। खेलकूद प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए स्कूल शिक्षा विभाग से डीपी धीर सिंह व डीपी भूप सिंह को आमंत्रित किया गया।

#### पहले दिन के परिणाम

800 मीटर दौड़ में रीतू ने प्रथम, कुसुम ने द्वितीय तथा अंजलि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।गोला फेंक प्रतियोगिता में काजल ने प्रथम,माफ़ी ने द्वितीय और सपना ने तृतीय स्थान हासिल किया । भाला फेंकने में काजल ने प्रथम स्थान,सपना ने द्वितीय स्थान और कोमल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय एक्सटेंशन व्याख्यान का समापन

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों के लिए यूजीसी नेट परीक्षा की तैयारी हेतु आयोजित दो दिवसीय एक्सटेंशन व्याख्यान श्रृंखला का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह कार्यक्रम गाइडेंस ब्यूरो एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डा. संदीप कुमार सहायक प्रो वाणिज्य विभाग इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर ने विद्यार्थियों को यूजीसी नेट परीक्षा की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने परीक्षा के पाठ्यक्रमए प्रश्नपत्र की संरचना, अध्ययन सामग्री के चयन, समय प्रबंधन तथा प्रभावी तैयारी की रणनीतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही नियमित अभ्यास मॉक टेस्ट तथा विषय की अवधारणाओं को स्पष्ट रूप से समझने पर विशेष बल दिया। दोनों दिनों में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया।

### कुलपति ने किया मैस का औचक निरीक्षण

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि जींद के कुलगुरु प्रोण राम पाल सैनी ने विवि परिसर स्थित बॉयज हॉस्टल का विस्तृत एवं औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना तथा उनके समग्र कल्याण से जुड़े विषयों की समीक्षा करना रहा।निरीक्षण के दौरान कुलगुरु ने हॉस्टल भवन की संरचनात्मक स्थिति, कमरों की स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था, शौचालयों की साफ.-सफाई, सुरक्षा प्रबंध, विद्युत व्यवस्था, प्रकाश एवं वेंटिलेशन सहित सभी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार से अवलोकन किया। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो तथा प्रत्येक व्यवस्था को निर्धारित मानकों के अनुरूप बनाए रखा जाए। विद्यार्थियों द्वारा मेस में भोजन की गुणवत्ता को लेकर प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते कुलगुरु ने मेस का औचक निरीक्षण भी किया।

### अनुबंध अनुदेशक को उपचार के लिए दी एक लाख की राशि

**जींद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जींद एवं महिला राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जींद ने संयुक्त रूप से मानवीय संवेदनाओं और आपसी भाईचारे की एक सराहनीय मिसाल प्रस्तुत की है। दोनों संस्थानों द्वारा गवर्नमेंट आईटीआई हांसी के अनुबंध अनुदेशक प्रदीप पांचाल के उपचार के लिए एक लाख रुपये की सहयोग राशि एकत्र कर प्रदान की गई। अनुदेशक प्रदीप पांचाल लीवर की गंभीर बीमारी सोरायसिस से पीड़ित हैं और वर्तमान में कठिन दौर से गुजर रहे हैं। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जींद तथा रा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला) जींद के अधिकारियोंएअनुदेशकों एवं कर्मचारियों व दो अनुदेशक राजकीय प्रशिक्षण संस्थान उचाना ने खुले हृदय से योगदान देकर ये सिद्ध किया कि संस्थान केवल कार्यस्थल नही बल्कि एक-दूसरे के सुख व दुख में साथ खड़ा रहने वाला परिवार होते हैं।

### सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत जरूरी

**जींद।** प्लस पॉइंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल खापड़ समारोह आयोजित हुआ। विद्यार्थियों ने सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए तो पंजाबी, फिल्मी, हरियाणवीं गीतों पर ग्रुप एकल डांस किया। रैंप वॉक, मनोरंजक खेल तथा भावनात्मक भाषण शामिल रहे। मिस्टर फेयरवेल सावन, मिस फेयरवेल रश्मि, लीडर ऑफ द ईयर दीक्षा, मोस्ट क्रिएटिव छात्र समीक्ष मेंटर ऑफ द ईयर वंशिका, छात्र ऑफ द ईयर प्रीति, मोस्ट सिंसीयर विद्यार्थी तनु एवं अंशुल को चुना गया। सीएमडी आरएम सांगवान ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें जीवन में अनुशासनए मेहनत और बड़े लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। सांगवान ने कहा कि विद्यार्थी को चाहिए कि वो जीवन में कभी शार्ट कट रास्ता सफल होने के लिए न अपनाए। जीवन में सफल होने के लिए मेहनत करें। कभी भी नकारात्मक सोच को दिमाग में न आने दे। हमेशा दिमाग को पॉजिटिव रखें। जीवन में आगे बढने के लिए मेहनत के साथ.साथ पॉजिटिव सोच जरूरी है।

### हर गांव के ग्रामीणों में रैली को लेकर उत्साह

**उचाना।** भाजपा नेता शिवकुमार कौशिक बनभौरी ने दावा किया की उचाना में 18 फरवरी को होने वाली उचाना विकास रैली में उमड़ी भीड़ सारे रिकार्ड तोडने का काम करेगी। रैली में सीएम नायब सिंह सैनी, विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री को सुनने के लिए भारी भीड़ पहुंचेंगी। रैली में उमड़ी भीड़ निरंतर प्रदेश में सीएम नायब सिंह सैनी, हलके में विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की बढ़ रही लोकप्रियता का प्रमाण होगी। हर गांव में ग्रामीणों को रैली को लेकर उत्साह दिखाई दे रहा है। कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने के बाद राजनीति के मायनों को बदलने का काम किया है। क्षेत्रवाद, परिवारवाद की राजनीति को समाप्त किया है तो मेरिट के आधार पर गरीब परिवार के युवाओं को रोजगार देने का काम किया है। जिसने कभी सोचा नहीं था वो युवा भी पढ़ाई के बूते पर बड़े अधिकारी बना है। आज उचाना विधायक की बढ़ रही लोकप्रियता से दूसरे नेताओं को मरोड़े लगने लगे है।

### हिंदू कन्या कालेज में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज में एडब्ल्यूएल मेटावर्स व नवचेतना फार्मासिटुकल के सहयोग से दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका एवं करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल की इंचार्ज डा. सुषमा गर्ग ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को उद्योग जगत की आवश्यकताओं से जोडना एवं उन्हें रोजगार के लिए पूर्णतः तैयार करना है। उन्होंने कहा कि उद्योगों के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम छात्राओं को व्यावहारिक अनुभव तथा प्रत्यक्ष रोजगार अवसर प्रदान करते हैं। सहसंयोजिका डा. नीलम रानी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं के आत्मविश्वास एवं पेशेवर कौशल को सुदृढ़ करते हैं। दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत विशेषज्ञों ने छात्राओं को सॉफ्ट स्किल्स, कम्युनिकेशन स्किल्स, इंटरव्यू तकनीक, रिज्यूमे निर्माण, डिजिटल कार्यकुशलता एवं कार्यस्थल व्यवहार संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### माता-पिता हमारे जीवन के प्रथम गुरुः कौशिक

**जींद।** हिन्दू शिक्षा समिति से संबद्ध एवं विद्या भारती द्वारा संचालित गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय में मातृ-पितृ पूजन दिवस श्रद्धा, संस्कार और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कौशिक एवं उपस्थित अभिभावकों द्वारा मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान आए हुए अतिथि नरेंद्र योग और वेदांत समिति के सदस्य ने पूर्ण मंत्रोच्चारण के साथ छात्रों द्वारा माता-पिता की आरती करते हुए तथा पुष्प वर्षा कर उनका सम्मान करवाया। इस भावपूर्ण दृश्य ने उपस्थित सभी अभिभावकों और अतिथियों को भाव विभोर कर दिया। विद्यालय परिसर में पारिवारिक मूल्यों और भारतीय संस्कृति की अनुपम झलक देखने को मिली। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अजय कौशिक ने कहा कि माता-पिता हमारे जीवन के प्रथम गुरु, संरक्षक और सच्चे मार्गदर्शक होते हैं। उनके प्रेम, त्याग और संस्कारों से ही हमारा जीवन संवरता है।

### दिव्यांग को नशा देकर जमीन हड़पने की कोशिश

**जींद।** दिव्यांग व्यक्ति को नशा देकर जमीन को हथियाने की कोशिश करने, बंधक बनाने, लाखो हड़पने पर जुलाना थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव सामन निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका रिश्तेदार निडाना निवासी दीपक दिव्यांग है। दीपक के पिता ने दूसरी शादी की हुई है। जिसकी छह संतान हैं। आधी जमीन का हकदार दीपक है। दीपक परिवार के लोग उसे नशा देकर जमीन को हथियाने की कोशिश कर रहे हैं। उसे बंधक बना कर रखा जा रहा है। दीपक ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि हाइवे पर एक एकड़ जमीन का मुआवजा एक करोड मिला था। जिसमें से 65 लाख कुलवंत, जोगेंद्र तथा कृष्ण ने हडप लिए। जबकि उसके खाते 35 लाख ही आए। उसने जमीन का सौदा शामलो के व्यक्ति से किया है। आरोपित ने नशा मुक्ति केंद्र में डाल दिया। जुलाना थाना पुलिस ने संदीप की शिकायत पर निडाना निवासी कुलवंत, जोगेंद्र, कृष्ण के खिलाफ बंधक बनाने, समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बच्चों को संस्कृति के गहन मूल्यों से परिचित कराया

**कैथल।** आधुनिकता की दौड़ में अपनी संस्कृति और संस्कारों को सहेजने का अनूठा उदाहरण आज जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल में देखने को मिला। विद्यालय प्रांगण में आयोजित 'मातृ-पितृ पूजन दिवस' के दौरान उस समय माहौल अत्यंत भावुक और श्रद्धापूर्ण हो गया, जब नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पूरे विधि-विधान के साथ अपने माता-पिता और गुरुजनों की आरती उतारी और उनके चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद लिया। इस दृश्य को देखकर उपस्थित अभिभावकों की आँखें छलक आईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे आचार्य दर्शन शास्त्री जी (वेदांत दर्शन के प्रखर ज्ञाता) ने अपनी ओजस्वी वाणी और शास्त्रोक्त मंत्रोच्चारण से पूरे वातावरण को पवित्र कर दिया। आचार्य जी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुए इस पूजन ने बच्चों को भारतीय संस्कृति के गहन मूल्यों से परिचित कराया।

### विवि में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 27 को

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि के एनएसएस सेल द्वारा 27 फरवरी को एक दिवसीय बहु विषयक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन युवा खतरे में डोपिंग और नशीली दवाओं का दुरुपयोग का आयोजन किया जाएगा।

**सूचना**

मैं, शिशुपाल सिंह पुत्र धर्म सिंह निवासी गांव किछाना तहसील राजौंद जिला कैथल (हरियाणा) सूचित करता हूं कि मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम शांति और उनकी जन्मतिथि 10.01.1945 है। जबकि मेरी माता का वास्तविक नाम शांति देवी और जन्मतिथि 01.01.1946 है। कृपया मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम शांति देवी और जन्मतिथि 01.01.1946 की जाए।

## खबर संक्षेप

### 22 को होगा 31 कन्याओं का सामूहिक विवाह

**जींद।** मां की लाडली सेवा समिति द्वारा तीसरा सामूहिक विवाह समारोह की मीटिंग प्रधान आर सम्राट की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि समिति द्वारा तीसरा सामूहिक विवाह समारोह 22 फरवरी को 31 सौभाग्यवती कन्याओं का किया जाएगा। इस बैठक में आर जादूगर ने बताया कि इसमें असमर्थ और गरीब कन्याओं के परिवार जो शादी करने में पूरी तरह से सक्षम नहीं है उनकी लड़कियों की शादी गांव राजपुरा भैण सरकारी स्कूल में 22 फरवरी को की जाएगी।

### रक्तदान से मरीजों को जीवन दान : मुनीष

**जींद।** भारत विकास परिषद वीर शाखा जींद द्वारा स्वामी दयानंद सरस्वती की जन्म जयंती के अवसर पर 18वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यअतिथि मार्केट कमेटी जींद के चेयरमैन मनीष गोयल बबलू, रजनी यादव, ओमकला, संजय वर्मा रहे। मुख्यअतिथियों ने कहा कि रक्तदान करने से हमारे शरीर पर किसी प्रकार का कोई दुष्प्रभाव नही होता है बल्कि रक्तदान करने वाले युवाओ मे सामाजिक भावना उत्पन्न होती है। शिविर मे भारत विकास परिषद के अध्यक्ष संजय वर्मा ने स्वयं आज 41वीं बार रक्तदान किया। शिविर में 31 युवाओं ने रक्तदान किया।

### पुलवामा हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**जींद ।** पुलवामा हमले की बरसी के उपलक्ष में शहीद स्मारक पर छात्र संगठन इंडिपेंडेंट यूथ फ्रंट ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। यह कार्यक्रम संगठन के संस्थापक अमित आदिवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस दौरान चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के छात्रों ने उन वीर सपूतों को याद किया, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के उपाध्यक्ष मुकुल टंडन ने बताया कि पुलवामा का हमला भारतीय सेना के अदम्य साहस और बलिदान की याद दिलाता है।

### विकास रैली को लेकर कसूहन में हुई बैठक

**उचाना।** विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के कसूहन गांव में 18 फरवरी को उचाना में होने वाली विकास रैली को लेकर गांव के प्रमुख लोगों की मीटिंग सरपंच प्रतिनिधि श्रीकांत के निवास पर हुई। शिक्षाविद एवं समाज सेवी रामचंद्र अत्री ने बताया कि उचाना विकास रैली में सीएम नायब सिंह सैनी पहुंचेंगे। कसूहन गांव में घर-घर जाकर रैली का निमंत्रण दिया जाएगा। एक हजार से अधिक ग्रामीण अकेले कसूहन गांव से जनसभा में ढोल व नगाड़ों के साथ ट्रैक्टरोंए गाडिय़ों के काफिले के साथ पहुंचेंगे। कसूहन गांव के लोग पूरे हलके के गांव.गांव जाकर लोगों को रैली में आने का निमंत्रण भी देंगे। विकास रैली के उमड़ी भीड़ अब तक के सारे रिकॉर्ड तोडऩे का काम करेंगी।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने झोंकी रैली के लिए ताकत

**उचाना।** आगामी 18 फरवरी को उचाना में होने वाली सीएम नायब सिंह सैनी की उचाना विकास रैली को लेकर भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं ने तैयारी शुरू कर दी है। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की अगुवाई में ये रैली हो रही है। रैली में अधिक से अधिक भीड़ हो इसको लेकर निमंत्रण दिए जा रहे है। मनोनित पार्षद नरेश सौंगरी ने कहा कि रैली में शहर से भारी भागीदारी होगी। व्यापारी वर्ग में रैली को लेकर उत्साह है। भाजपा ऐसी पार्टी है जो हर वर्ग के लिए कार्य कर रही है।

### संसद में सांसद ने उठाए सबसे ज्यादा सवाल

**जींद।** देश की सबसे बड़ी पंचायत यानि संसद में जन, सामाजिक सरोकारों और विकास से जुड़े सवालो को उठाने के मामले में हरियाणा के तमाम दसों सांसदों में सोनीपत संसदीय क्षेत्र के सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने जो सक्रियता दिखाई उसके नतीजन उनका नाम शीर्ष पर है। सांसद ने 2024 से लेकर अब तक 137 सवाल संसद में उठाए हैं। ब्रह्मचारी ने पहला सवाल जींद-पानीपत रोड को फोरलेन करने का उठाया था।

# महिलाएं खेल, शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में पा रही उल्लेखनीय उपलब्धियां : डा. मिड्ढा

## जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ




जींद। प्रतियोगिता में महिलाओं को संबोधित करते हुए डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा तथा प्रतियोगिता में दमखम दिखाते हुए महिलाएं।

- महिलाओं की 100 मीटर रेस में इक्कस गांव की सीमा रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी केवल परिवार तक सीमित नही है बल्कि वे खेल, शिक्षा, प्रशासन और समाज सेवा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं।

डिप्टी स्पीकर शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्थानीय अर्जुन स्टेडियम में करवाए जा रहे जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत कर उपस्थित महिलाओं को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा रोहिल्ला, सीडीपीओ सुलोचना कुंडू, कांता यादव, सुमन, महिला सुपरवाइजर डा. सीमा, ममता, रीना, कौशल्या, मीनाक्षी, संतरो, रितु, कविता, मनीषा आंगनवाडी कार्यकर्ता तथा महिला खेल प्रतिभागी उपस्थित रही। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि माता बच्चे की प्रथम शिक्षक होती है और उसके संस्कारों की नींव घर से ही पड़ती है। बच्चों के सर्वांगिण विकास में माता की भुमिका सबसे अहम होती है। माता केवल जन्म देने वाली नही बल्कि बच्चे का चरित्र निर्माण करने में भी उनकी जिम्मेदारी अति महत्वपूर्ण होती है। आजकल की भाग दौड़ की जिंदगी में माता-पिता द्वारा बच्चों को उचित समय नहीं दिया जाता। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को समय देकर उनको प्रेम, संस्कार और सही मार्गदर्शन दें ताकि बच्चे जीवन के हर क्षेत्र में सफल हो सके। बच्चे वहीं सिखते हैं जो देखते हैं। इसलिए अभिभावकों का व्यवहार भाषा और आचरण स्वयं का एक उदाहरण होना चाहिए। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। महिलाएं इन योजनाओं का लाभ उठा कर आत्मनिर्भर बन सकती हैं और परिवार व समाज की प्रगति में सक्रिय भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने महिलाओं से शिक्षाए खेल एवं स्वरोजगार के अवसरों का पूरा लाभ उठाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं की शपथ भी दिलवाई गई।

जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा रोहिल्ला ने विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के आयोजन का उद्देश्य महिलाओं में खेल भावना का विकास करना, उनके स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करना तथा सामाजिक जागरूकता बढ़ाना है।

### प्रतियोगिता के ये रहे परिणाम

*महिला खेल कूद प्रतियोगिता में 30 वर्ष से कम आयु की महिलाओं की 100 मीटर रेस में इक्कस गांव की सीमा ने प्रथम, धनखड़ी की नीरू दूसरे तथा रधाना गांव की वंदना तीसरे स्थान पर रही। इसी प्रकार 400 मीटर रेस में उझाना गांव की आरती प्रथम, डिडवाड़ा की नेहा दूसरे तथा हथवाला की प्रियंका तीसरे स्थान पर रही। पांच किलोमीटर साइकिल रेस में ढाकल गांव की नितेश प्रथम, बिशनपुरा की स्वाति दूसरे तथा कालवा की पूजा तीसरे स्थान पर रही। 30 वर्ष की आयु से ऊपर की महिलाओं की 100 मीटर रेस में नेहरा गांव की सोनू प्रथम, खटकड़ की सुमन दूसरे तथा जोगिंदर नगर की राजबाला तीसरे स्थान पर रही। डिस्कस थ्रो में खातला गांव की पूनम प्रथम, बहादुरगढ़ की कमलजीत दूसरे तथा राम कॉलोनी जींद की ओमपति को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। म्यूजिकल चेयर में फरैण कलां की सुदेश प्रथम, बरसाना की संतरो दूसरे तथा सिंसर की ससंतोष तीसरे स्थान पर रही।*

# साइबर दोस्त इंटरेक्टिव ई-हैंडबुक का विमोचन



कैथल। डीसी अपराजिता साइबर दोस्त इंटरैक्टिव ई-हैंडबुक का विमोचन करते हुए।

- सुरक्षित डिजिटल नागरिक बनने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डिजिटल युग में बढ़ती साइबर चुनौतियों और ऑनलाइन ठगी से नागरिकों, विशेषकर विद्यार्थियों को सुरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। डीसी अपराजिता ने हिंदी प्राध्यापक डॉ. विजय कुमार चावला द्वारा तैयार की गई सुरक्षित डिजिटल नागरिक - साइबर दोस्त इंटरैक्टिव डिजिटल ई-हैंडबुक का विमोचन किया।

उन्होंने सभी आमजन से विशेष रूप से विद्यार्थी से आह्वान किया कि वे इसमें दिए गए सुरक्षा उपायों को अपनाएं और एक जागरूक नागरिक बनें। डीसी अपराजिता ने बताया कि डॉ. विजय कुमार ने यह ई-हैंडबुक राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप तैयार की है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को एक जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनाना है, जो तकनीक का उपयोग सकारात्मक परिवर्तन के लिए कर सकें। ई-हैंडबुक में साइबर अपराध के विभिन्न रूपों को विस्तार से समझाया गया है। इसमें फिशिंग, साइबर बुलिंग, डेटा चोरी, हैकिंग, स्मिशिंग, मैलवेयर, सोशल मीडिया अपराध, डीपफेक, ई-कॉमर्स फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट और ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग आदि के बारे में जानकारी दी गई और साथ ही साइबर सुरक्षा के लिए विशेष टिप्स भी दिए गए हैं। जैसे निजी जानकारी साझा न करें, ऑनलाइन जान-पहचान वाले व्यक्तियों से न मिलें, अनजान फाइलों या ईमेल को स्वीकार न करे तथा असुरक्षित महसूस होने पर बड़ों को बताएं आदि। साइबर अपराध की स्थिति में नागरिक तुरंत 1930 पर कॉल कर सकते हैं या भारत सरकार के पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसी संदर्भ में साइबर दोस्त इंटरैक्टिव ई-हैंडबुक सभी के लिए एक अत्यंत उपयोगी है।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एसपी उपासना, एडीसी सुशील कुमार, डीएमसी कपिल शर्मा, सीईओ जिला परिषद सुरेश राविश, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, कलायत एसडीएम अजय हुड्डा, जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बच्चों को पढ़ाना और अच्छे नागरिक बनाना हम सबका कर्तव्य : सतपाल

- डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी में सालाना पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पुण्डरी




पुण्डरी । अव्वल रहे बच्चों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि

डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी के प्रांगण में सालाना पारितोषिक वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पूंडरी के विधायक सतपाल जांबा एवं गांव जांबा के सरपंच लाभ सिंह शामिल हुए। स्कूल की प्राचार्या साधना बख्शी जी ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बच्चों द्वारा हरियाणवी नृत्य, पंजाबी नृत्य, नशे को लेकर नुक्कड़ नाटिका, सूमह गान की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने नशे से होने वाले दुष्प्रभावों का नाटक के माध्यम से मंचन किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में डीएवीसीएमसी के वाइस चेयरमैन रमेश लीखा, स्कूल की चेयरपर्सन डॉ. सुषमा गुप्ता, मैनेजर डॉ. सुभाष तंवर, स्कूल एलएमसी सदस्य अनु सैनी, श्री सुधीर वालिया, नीना शर्मा, अश्विनी खुराना व जगदीश क्वात्रा, नपा उपाध्यक्ष रामप्रसाद, भूप सिंह पूर्व प्रधान, रामप्रकाश पूर्व प्रधान, डॉ. खुशवीर कौशिक, राजकुमार एमसी, ईशम सिंह एमसी, जितेंद्र कुमार एमसी, विक्की कुमार एमसी, मूलतान सिंह एमसी, धर्मपाल चौधरी, प्रदीप चौधरी, डॉ. नीतिन बंसल, डॉ. निपूर्ण सैनी, समाजसेवी अजीत बख्शी, राजेंद्र शर्मा महासचिव, मा. रामकुमार प्रधान, आर्य समाज पूंडरी के प्रधान जयपाल सैनी, अनिल आर्य, नीधि मोहन, गांव मोहना के सरपंच महिपाल व विद्यार्थियों के अभिभावक शामिल हुए। स्कूल की प्राचार्या साधना बख्शी ने सभी का स्वागत किया। विधायक सतपाल जांबा ने अपने संबोधन में कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि स्कूल में आमंत्रित करने का मुझे मौका मिला। उन्होंने कहा कि बच्चे हमारी सबसे बड़ी दौलत है। इन्हें पढ़ाना और अच्छे नागरिक बनाना हम सबका कर्तव्य है।


### राज्य स्तरीय स्पर्धा में लड़कों की हैंडबॉल टीम ने कांस्य पदक जीता

**कैथल।** गुरुग्राम और पलवल में नौ से 11 फरवरी तक राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री कप का आयोजन किया गया था। स्पर्धा में सभी जिलों से खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इसमें भाग लेने को लेकर जिला स्तर पर छह खेलों में खिलाड़ियों का चयन करने को लेकर ट्रायल लिए गए थे। स्पर्धा में कैथल से विभिन्न छह खेलों के 164 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। स्पर्धा में हैंडबाल स्पर्धा में लड़का की टीम ने कांस्य पदक जीता है। इस खेल में 16 खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

इसके अलावा, खो-खो में लड़कियों की टीम ने भी कांस्य पदक हासिल किया है। दोनों टीमों को कांस्य पदक जीतने पर 50-50 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा। टीमों में चयन को लेकर कार्यकारी जिला खेल अधिकारी देवेंद्र सिंह की देखरेख में ट्रायल लेने के लिए प्रशिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी। जिले से कबड्डी, वालीबाल, हैंडबाल, खो-खो, फुटबाल और बास्केटबाल के सीनियर वर्ग में कुल 164 लड़के और लड़कियों का चयन किया गया था। टीमों का चयन करने के लिए विभिन्न खेल परिसरों में ट्रायल लिए गए थे।

*महाशिवरात्रि 15 फरवरी को*

# शिवालयों में जलाभिषेक से मिलेगा 16 सोमवार का पुण्य



राजौंद। दुर्गा मंदिर में सजाते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

महाशिवरात्रि का पावन पर्व इस वर्ष 15 फरवरी को पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर क्षेत्र के शिव मंदिरों में तैयारियां जोरों पर हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कई मंदिरों में विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं, ताकि जलाभिषेक के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

आचार्य बृज भूषण ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन शिवलिंग पर श्रद्धा से जल चढ़ाने का फल 16 सोमवार के व्रत के समान माना गया है। यही कारण है कि इस दिन प्रातःकाल से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग जाती हैं। उन्होंने कहा कि व्रत रखने वाले श्रद्धालु फलाहार ग्रहण कर उपवास कर सकते हैं और रात्रि जागरण कर भगवान शिव का स्मरण करने से विशेष पुण्य प्राप्त होता है। आचार्य ने महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्व आदि-अनादि देव महादेव को समर्पित है। वर्ष में दो बार—फाल्गुन मास और श्रावण मास—में यह पर्व विशेष रूप से मनाया जाता है। शास्त्रों के अनुसार सृष्टि की रचना का कार्य ब्रह्मा जी, पालन-पोषण का दायित्व विष्णु जी और संहार का दायित्व महादेव जी को सौंपा गया है। किंतु आध्यात्मिक दृष्टि से भगवान शिव का स्वरूप केवल संहारक ही नहीं, बल्कि अत्यंत कल्याणकारी और मंगलकारी है। भोलेनाथ की सरलता और करुणा का उल्लेख करते हुए आचार्य ने कहा कि भगवान शिव ने समुद्र मंथन के समय विष का पान कर संपूर्ण सृष्टि की रक्षा की थी।

# जल अर्पण दिवस के उपलक्ष्य में ग्रामीणों को किया जागरूक

- ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की बैठक का आयोजन किया

**जींद।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व ग्राम पंचायत द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम सभा का आयोजन कर खंड पिल्लूखेड़ा के गांव अमरावली खेड़ा व जींद ब्लाक के खुंगा गांव में जल अर्पण दिवस बडी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर इन गांव में ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की बैठक का आयोजन किया गया व स्कूल विद्यार्थियों द्वारा रैली निकालकर इस दिवस को मनाया गया। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच द्वारा की गई जबकि मुख्य वक्ता के तौर पर जिला सलाकहार रणधीर मताना ने संबोधत किया। कार्यक्रम खंड समन्वय सुरेन्द्र दुग्गल व दिनेश मलिक ने लोगों को जल संरक्षण बारे जागरूक किया गया। कार्यकारी अभियंता भानु प्रकाश ने कहा कि जल अर्पण दिवस के उपलक्ष्य में विभाग द्वारा विभिन्न गांवों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहें हैं। ग्राम पंचायत अपने स्तर पर पेयजल आपूर्ति व उसका रखरखाव कर रही है। जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने कहा कि ग्राम जल एवं सीवरेज समिति जलापूर्ति योजनाओं के संचालन, रख-रखाव , लीकेज की निगरानी समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण कडी है।

# एचकेआरएन कर्मियों ने वीसी को सौंपा ज्ञापन

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों ने उचाना विधायक देवेंद्र अत्री, कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी व कुलसचिव डा. राजेश बंसल को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने बताया कि लगभग तीन महीनों से 34 कर्मचारियों के नाम पोर्टल से हटाए गए थे, जिन कर्मचारियों के नाम पोर्टल में है। उनकी वेतन राशि भी नहीं आई है और सरकार की तरफ से जारी पत्र में उन कर्मचारियों को हटाने तथा उनकी अटेंडेंस और वेतन न देने का निर्देश दिए गए है। कर्मचारियों का कहना है कि कई कर्मचारियों के नाम अभी भी वापस नहीं आए हैं और उनके पास आज आय का कोई साधन नहीं बचा है।



## आदेश : परीक्षा के अंतिम दिन से पांच दिन के अंदर विद्यालय में जमा करवाएं टैबलेट

# शिक्षा निदेशालय ने टैबलेट वापस जमा करवाने को कहा

- जो विद्यार्थी 11वीं कक्षा में उसी स्कूल में दाखिले लेंगे, उनसे टैबलेट वापस नहीं लिए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

### शिक्षा निदेशालय से मिले निर्देश : डीईओ



*जिला शिक्षा अधिकारी रितु पंघाल ने बताया कि टैबलेट वापस जमा करवाने को लेकर विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं। 10वीं व 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के बाद पांच दिन के अंदर टैबलेट जमा करवाने होंगे। 10वीं कक्षा के जो विद्यार्थी 11वीं कक्षा में भी उसी स्कूल में दाखिले लेंगे उनसे टैबलेट वापस नहीं लिए जाएंगे।*

शैक्षणिक सत्र 2025-26 समाप्त होने पर राजकीय स्कूलों में विद्यार्थियों को दिए गए टैब वापस स्कूल में जमा करवाने को लेकर विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी किया है।

निदेशालय द्वारा जारी पत्र के अनुसार ई अधिगम योजान के तहत कक्षा 10वीं, 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए गए हैं। इन विद्यार्थियों में से कुछ विद्यार्थी सेकेंडरी, उच्च विद्यालयों (10वीं कक्षा तक के) में पढ़ रहे हैं, जिन्हें 10वीं के बाद वर्तमान विद्यालय से किसी अन्य विद्यालय में जाना ही है। इसी तरह 12वीं में पढऩे वाले विद्यार्थी भी वार्षिक परीक्षा पास करने उपरांत विद्यालय छोड़कर चले जाएंगे। इसलिए विद्यार्थियों को वितरित किए गए टैबलेट्स जोकि विभाग की संपत्ति है उनके आदान-प्रदान के लिए विद्यालयों को दिशा निर्देश जारी किए जाने हैं। कक्षा 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विद्यार्थी द्वारा अपनी बोर्ड की परीक्षा के अंतिम दिन से पांच दिन के अंदर-अंदर विद्यालय में अपना टैबलेट, चार्जर व टैबलेट के साथ मिला सामान विद्यालय में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाए।

स्कूल मुखिया व संबंधित कक्षा प्रभारी टेलीफोन के माध्यम से विद्यार्थियों को टैबलेट वापस करने के लिए सूचित करेंगे और यह स्कूल प्रबंधन समिति यह सुनिश्चित करेगी कि सभी विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय में टैबलेट वापस जमा करवा दिए जाए। कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के टैबलेट्स वापस लेने उपरांत स्टाक रजिस्टर (जो टैबलेट्स वितरित करते समय विद्यालय द्वारा पूर्व में बनाया गया है) में विद्यार्थी का नाम, एसआरएन नंबर, अभिभावकों के नाम, विद्यार्थी का आधार कार्ड का नंबर, टैबलेट का आइएमईआई नंबर, वापस किए टैबलेट व चार्जर और अगर टैबलेट में कोई टूट-फूट है तो उसकी जानकारी भी दर्ज करनी होगी। विद्यालय द्वारा ऐसे सभी विद्यार्थियों जिनके द्वारा टैबलेट विद्यालय में वापस जमा नहीं करवाए जाते हैं (यदि विद्यार्थी से टैबलेट गुम हो गया अथवा विद्यार्थी ने टैबलेट देने से मना कर दिया) की सूची बनाएं। इसके अतिरिक्त जो विद्यार्थी टैबलेट वापस नहीं करेंगे टैबलेट गुम होने की स्थिति को छोड़कर उनका परिणाम हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा रोक लिया जाएगा व ऐसे विद्यार्थियों का परिणाम डिजी लोकर पर भी अपलोड नहीं किया जाएगा।

#### स्कूल मुखिया की होगी जिम्मेदारी

10वीं कक्षा के बाद जो विद्यार्थी अपने वर्तमान विद्यालय में ही कक्षा 11वीं में दाखिला लेंगे या पढ़ाई जारी रखने के इच्छुक होंगे उनसे टैबलेट वापस नहीं लिया जाना है। विद्यार्थियों के टैबलेट्स व चार्जर को विद्यालय के पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब या अन्य स्थान पर सुरक्षित रखा जाए। विद्यालय मुखिया समय-समय पर टैबलेट्स का निरीक्षण करेंगे कि वह सुरक्षित रखे हैं। अगर टैबलेट विद्यालय से चोरी हो जाता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी स्कूल मुख्यिा की होगी।

### कायाकल्प टीम आज जांचेगी पीएचसी की स्वास्थ्य सुविधाएं

**जींद।** पीएचसी में मरीजों को उपलब्ध करवाई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को जांचने के लिए कायाकल्प की टीम शनिवार को जींद आएगी। टीम द्वारा यहां स्वासथ्य सेवाओं की गुणवत्ता को जांचने के साथ ही सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया जाएगा। कायाकल्प टीम में शामिल चिकित्सकों द्वारा अस्पताल में कर्मचारियों के हाजिरी रजिस्टर, लेखा शाखा और अन्य प्रकार के रिकार्ड को भी जांचने काम भी किया जाएगा। गौरतलब है कि स्वच्छ भारत के तहत कायाकल्प कार्यक्रम शुरू किया गया है। जिसमें अस्पतालों में आपसी प्रतिस्पर्धा से स्वच्छता, गुणवत्ता और बेहतर सुविधाओं एवं सेवाओं में बढोत्तरी करवाना है।